मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

विश्वसनीय साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित


jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews


jagruk_janta

आश्विन पक्ष - कृष्ण, तिथि - षष्ठी, संवत 2078 | पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-7, अंक-35, 27 अक्टूबर - 2 नवम्बर, 2021 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-



## सामाजिक समरसता भी मिलती है टेंट की दुकान में!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**बहुत** बातें होती हैं सामाजिक समरसता की। मगर दिखाई देने की बात करें तो वह सिर्फ एक ही जगह मिलती है और वह जगह है टेंट की दूकान। सामाजिक समरसता के नाम पर प्राचीन काल से ही प्रयास किए जा रहे हैं जैसे भगवान राम ने सबरी के झूठे बेर खाए, निषादराज के साथ दोस्ती की। भगवान महावीर, गौतम बुद्ध और स्वतंत्र भारत में महात्मा गांधी, भीमराव अम्बेडकर और भी न जाने कितने ही महापुरुषों का नाम समरसता से जुड़ा हुआ है। समरसता का प्रयास खूब किया जाता है मगर सफलता पूरी तरह मिल ही नहीं पाई है। समाज में जाति-पांति, ऊंच-नीच, गरीब-अमीर और भी न जाने कितने ही विरोधाभास मौजूद हैं। खाने-पीने से लेकर उठने-बैठने तक में भेदभाव होता है। समरसता का शब्द तो हर कोई कहता है कि सामाजिक समरसता होनी चाहिए। मगर ये कोई नहीं बताता कि सामाजिक समरसता होगी कैसे। कहां से आएगी। कौन इसको पैदा करेगा। कैसे दिमाग में जो असमानता की बुराई बैठी हुई है उसे निकालेगा कौन। मनुष्य अगर अपने जीवन में चारों तरफ झांक कर देखेगा तो यह हमें स्पष्ट रूप से दिखाई देगा कि कहां समरसता है और कहां नहीं। हमारे घर परिवार में आए दिन उत्सव मनाए जाते हैं चाहे वे शादी-विवाह के हों, जन्म दिन के हों या और कोई। मेहमान घरों में आते जाते हैं। ठहरने पर उन्हें बिस्तर भी चाहिए, सोने की जगह भी चाहिए जो आजकल हर घर में उपलब्ध नहीं। पहले तो सामाजिक सहयोग मिल जाता था। मकान भी बड़े होते थे। गृहस्थियों के उपयोग वाले सामान एक-दूसरे से ले-देकर काम निकालते थे। मगर दिमाग बढ़ने लगे। सहयोग घटने लगे। अब ठहरने को गेस्ट हाउस या होटल और सामान की पूर्ति होती है टेंट द्वारा। बर्तनों से लेकर बिस्तरों तक सामान टेंट से आता है, वही सामान अमीर से लेकर गरीब तक जाता है जिसमें हरिजन से लेकर पंडित तक शामिल है। उन्हीं बर्तनों में खाया जाता है और उन्हीं बिस्तरों में सोया जाता है जबकि जाति-पांति के चक्कर में एक-दूसरे को छूने तक में नाक-भौ सिकोड़ी जाती है। कुछेक उदाहरणों को छोड़कर। समरसता तो है टेंट वाली दुकान पर। टेंट वाले से जातिगत या ऊंच-नीच के हिसाब से अलग सामान के बारे में जानकारी नहीं की जाती। इसलिए यह एक अच्छा उदाहरण है सब लोग एक ही सामान का प्रयोग करते हैं। मयखाने में भी कोई छुआछूत नहीं होती। मगर मयखाने से निकलने के बाद नशा उतरते ही दिमाग वहीं पहुंचता है हम बड़े तुम छोटे। इसलिए बिना भेदभाव सामाजिक समरसता टेंट की दुकान में है। मयखाने में है। होटल और गेस्ट हाउस में है। सामान्य जीवन में नहीं दिखती जो कि दिखनी चाहिए।

shivdayalmishra@gmail.com

आर्यन की बेल पर सुनवाई टली

## आर्यन की बेल पर फैसला आज

### आर्यन के वकील रोहतगी बोले- यंग बॉयज को सुधरने का मौका मिले

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**मुंबई।** मुंबई क्रूज ड्रग्स केस में गिरफ्तार आर्यन खान की जमानत अर्जी पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने सुनवाई टाल दी है। कोर्ट अब कल यानी बुधवार को इस मामले की सुनवाई करेगा। खास बात ये है कि आज नामी वकील और पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी आर्यन की पैरवी कर रहे हैं। शुरुआत में NCB के वकील ने दलीलें पेश कर आर्यन को जमानत देने का विरोध किया। जांच एजेंसी ने कहा कि जमानत मिलने पर आर्यन गवाहों को प्रभावित कर सकता है। वह देश छोड़कर भाग सकता है।

इसके जवाब में आर्यन के वकील रोहतगी ने कहा कि मेरे क्लाइंट के खिलाफ ड्रग लेने, उसे खरीदने-बेचने का मामला नहीं है। वह अरबाज मर्चेंट के अलावा ड्रग से संबंध रखने वाले किसी शख्स को नहीं जानता है। अरेस्ट मेमो से ऐसा लग रहा है कि आर्यन ड्रग्स रखे हुए थे। मेरा क्लाइंट NCB के किसी अफसर पर आरोप नहीं लगा रहा है।

### दो को मिली जमानत



चर्चित मुंबई क्रूज ड्रग्स केस मामले में पहली बार 2 आरोपियों को अदालत से बेल मिल गई है। अब इस केस में सबसे पहले जमानत पाने वालों में मनीष राजगढ़िया और अवीन साहू शामिल हो गए हैं। मनीष को स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट से जमानत मिली है। इसके अलावा अवीन साहू को भी इसी कोर्ट से जमानत मिली है। ये दोनों इस केस में जमानत पाने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं। वीवी पाटिल की खंडपीठ ने इनकी जमानत अर्जी मंजूर की है

### यंग बॉयस हैं, सुधार का मौका दें

**रोहतगी** ने कहा कि मुझे विटनेस नंबर 1 और 2 यानी प्रभाकर सैल और केपी गोसावी से कोई मतलब नहीं है, न ही मैं उन्हें जानता हूं। रोहतगी ने कहा कि ये यंग बॉयस हैं। उन्हें सुधार गृह में भेजा जा सकता है। उन पर मुकदमा नहीं चलाया जाना चाहिए। मैंने अखबारों में भी पढ़ा है कि सरकार सुधार के बारे में बात कर रही है।

### आर्यन क्रूज पार्टी का कस्टमर नहीं था

रोहतगी ने कहा- यह सारा मामला 2 अक्टूबर से शुरू हुआ था। आर्यन क्रूज पार्टी का कस्टमर नहीं था। वह उसमें एक स्पेशल गेस्ट के तौर पर शामिल हुआ था। उसे प्रतीक गाबा नाम के आदमी ने बुलाया था, जो खुद को इवेंट मैनेजर बता रहा था। गाबा आर्यन और अरबाज मर्चेंट को जानता था।

भाजपा नेताओं पर गहलोत का पलटवार: कहा...

## संवेदना व्यक्त करना हमारी परंपरा, इनके पेट में दर्द क्यों?

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** वल्लभनगर और धरियावद विधानसभा उपचुनाव के दौरान मंगलवार को धरियावद से दिवंगत विधायक गौतम लाल मीणा के आवास पर लंबे समय के बाद संवेदना व्यक्त करने पहुंचे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर जहां भाजपा नेताओं ने सवाल खड़े किए थे तो वहीं अब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी भाजपा नेता पर पलटवार वार किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को धरियावद के लसाड़िया में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जब किसी का निधन होता है तो उनके घर बैठने जाने की हमारी सदियों से परंपरा रही है, उस वक्त यह नहीं देखा जाता है कि यह कांग्रेस के नेता हैं या बीजेपी के नेता है। या कौनसी पार्टी के हैं, या किस जाति धर्म के लोग हैं। उसी मंशा के साथ मैं संवेदना व्यक्त करने गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर भाजपा को गौतम लाल मीणा से इतनी हमदर्दी थी तो फिर उनके बेटे कन्हैयालाल को टिकट क्यों नहीं दिया? सीएम ने कहा कि अगर भाजपा कन्हैया लाल मीणा को टिकट देती तो भी वह उनके घर जाकर संवेदना व्यक्त करने जाते। सीएम ने कहा कि गौतमलाल मीणा की कोरोना से मृत्यु हुई थी, जिस वक्त उनका इलाज चल रहा था मैं लगातार चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य को लेकर जानकारी ले रहा था।

## सुकमावती ने 70वें बर्थडे पर इस्लाम छोड़ हिंदू धर्म अपनाया

**जकार्ता @ जागरूक जनता।** इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो की बेटी सुकमावती सुकर्णोपुत्री ने इस्लाम छोड़कर हिंदू धर्म की राह पकड़ ली है। सुकमावती ने मंगलवार को इंडोनेशिया की सबसे ज्यादा हिंदू आबादी वाले स्टेट बाली में एक सेरेमनी सुधी वादानी के दौरान हिंदू धर्म स्वीकार किया। सुकमावती सुकर्णो की तीसरे नंबर की बेटी हैं। उनका पूरा नाम दायाह मुतियारा सुकमावती सुकर्णोपुत्री है। उनके हिंदू धर्म स्वीकार करने का समारोह बाली के बाले आगुंग सिंगाराजा जिले में सुकर्णो हेरिटेज सेंटर में किया गया।

आरएएस भर्ती परीक्षा (प्री)-2021

## भरतपुर, बीकानेर, जोधपुर और अजमेर संभाग में आज इंटरनेट बंद

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित RAS भर्ती परीक्षा (प्री) के दौरान बुधवार को भरतपुर, बीकानेर, जोधपुर और अजमेर संभाग में इंटरनेट बंद रहेगा। मंगलवार देर शाम को संभागीय आयुक्तों ने इंटरनेट बंद होने के आदेश जारी कर दिए गए। वहीं, जयपुर, कोटा व उदयपुर संभाग में देर रात तक आदेश जारी होने की संभावना है। खबर लिखे जाने तक यहां फैसला नहीं हो सका। अजमेर संभाग में संभागीय आयुक्त डॉ. वीना प्रधान ने अजमेर, नागौर और भीलवाड़ा जिले में 27 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक बंद करने के आदेश जारी किए।

## जागरूक खबरें

### यूजीसी-नेट अब 20 नवंबर से 5 दिसंबर के बीच होगी परीक्षा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 17 से 25 अक्टूबर से होने वाली यूजीसी नेट परीक्षा को स्थगित कर नई डेट जारी कर दी है। पहले ये परीक्षा 6 से 8 और 17 से 19 अक्टूबर दो फेज में होनी थी। इसके बाद इसके डेट को बढ़ा कर NTA ने इसे 17 से 25 अक्टूबर तक एक फेज में करने का निर्णय लिया गया था। जिसे स्थगित कर अब एक बार फिर NTA ने परीक्षा की नई तारीख की घोषणा कर दी है। जिसके तहत 20 नवंबर से 5 दिसंबर के बीच आयोजित की जाएंगी।

### सुप्रीम कोर्ट पेगासस जासूसी पर फैसला आज

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** उच्चतम न्यायालय इजराइल के पेगासस स्पायीवेयर सॉफ्टवेयर के जरिये कई विपक्षी नेताओं, पत्रकारों, आला अधिकारियों, वकीलों समेत प्रमुख लोगों के मोबाइल फोन 'हैक' कर उनकी जासूसी करने मामले में कल अपना फैसला सुनाएगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट के अनुसार यह मामला मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन और न्यायमूर्ति सूर्यकांत और हिमा कोहली की तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष बुधवार को फैसले के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

### सर्वोदय विचार परीक्षा का 14 नवम्बर को

**अजमेर @ जागरूक जनता।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं राजस्थान राज्य गांधी स्मारक निधि के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों एवं सिद्धांतों पर आधारित सर्वोदय विचार परीक्षा का आयोजन 14 नवंबर को किया जाएगा। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. डी पी जारोली ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा में सर्वोदय विचार परीक्षा आयोजन की घोषणा की गई थी।







राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित | जागरूक जनता www.jagrukjanta.net | बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 फोन : 0141-3587886

सम्पर्क करें | विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए 9928022718 jagrukjantanews@gmail.com | समाचार प्रकाशित करवाने के लिए 9829329070 jagrukjantanews@gmail.com